दिनांक 11.08.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने डेंगू प्रभावित वार्डों में नियंत्रण बनाये रखे जाने हेतु सघन दौरा कर आम नागरिकों से अपील की

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान निगम क्षेत्र के अंतर्गत जिला प्रशासन, स्वास्थ्य, भिलाई इस्पात संयंत्र एवं निगम प्रशासन के द्वारा संयुक्त रुप से चलायें जा रहे डेंगू प्रभावित वार्डों का निरीक्षण किया गया। प्रभावित वार्डों में साफ–सफाई के साथ–साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला एवं अन्य सामाजिक संगठन, आंगनबाड़ी, मितानिन, सहित अन्य जन सहयोग से आम जनता को जागरुक किये जाने के संबंध में निकाली गई रैली में भी शामिल हुए। निगम आयुक्त ने क्षेत्र के नागरिकों से कहा कि शासकीय अस्पताल में डेंगू का ईलाज निःशुल्क किया जा रहा है तथा आपके वार्डों में लगे स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया जा रहा जहां आप शासकीय चिकित्सक से स्वास्थ्य परीक्षण कराकर निःशुल्क दवाई प्राप्त कर सकते हैं।

निगम आयुक्त श्री चौहान ने निगम क्षेत्र के समस्त नागरिकों से अपील की है कि जिला, स्वास्थ्य, एवं निगम प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे संयुक्त विशेष अभियान में डेंगू के बिमारी से बचाव उपाय जैसे– घर में लगाये गये कुलर, गमले, टायर, जानवर/पक्षियों को पानी पिलाने हेतु रखे पात्र, पुजा पश्चात् बाहर रखे हुए कलश, इत्यादि पात्र जिसमें बरसात से एकत्रित रुका हुआ साफ पानी को प्रतिदिन साफ करना हेतु समझाईस देना, गंदा पानी का जमाव न होने दे, पानी उबाल कर पीये, घर के आसपास साफ–सफाई व्यवस्था बनाये रखे, आपके वार्डो में स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया जा रहा है, जहां शासकीय चिकित्सक के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाई का वितरण किया जा रहा है। इस बिमारी के रोकथाम हेतु जन सहयोग की भी आवश्यकता है। इस बिमारी के बचाव हेतु आप सब लोग मिलकर इस अभियान में जुड़ने की अपील की है।

डेंगू, लार्वा उत्पन्न होने योग्य जल ठहराव की जानकारी नगर पालिक निगम, भिलाई के टोल फ्री नम्बर 18002334242 में दें।

जनसम्पर्क अधिकारी